तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जनवरी 2024



13 अयोध्या में श्री रामलला प्रतिमा स्थापना के साक्षी बने...





14 जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा मैनपुर






## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में 1 की मौत दूसरा गंभीर

**पांडुका**। लगभग 2:30 बजे कुरूद व पंडरी तराई के बीच बकरम पाठ मंदिर के पास मोटरसाइकिल अनीयंत्रित होकर खेत में जा घुसा जिसमें घटना स्थल पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। घटना की जानकारी राहगीरों ने पांडुका 108 के कर्मचारियों को दीञ मौके पर पहुंचे 108 के कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका लाया गया। जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूर्यकांत साहू ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे व्यक्ति की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका में इलाज के बाद गरियाबंद रीफर कर दिया गया है। वहीं दुर्घटना में गरियाबंद जिले के झितरी डूमर गांव के गौतम यादव और मिथिलेश यादव के रूप में बताया जा रहा है। मौके पर गौतम यादव की मौत हो गई है। तो एक गंभीर रूप से घायल मिथिलेश का इलाज के लिए रीफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों नशे में धुत थे और इनकी मोटर साइकिल खेत में जा घुसी, जिससे ये गंभीर हादसा हो गया।

### शारदा, बजरंग व शिव चौंक में मनाया गया दीपोत्सव



**छुईहा बेलर**। अयोध्या में सोमवार को प्रभु रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्राम बेलर शारदा चौंक दूर्गाउत्सव समीति, बजरंग चौक बेलर के सदस्यों ने 1001 दीप प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्मरण प्रार्थना किया। इस दौरन रमणीक साहू, भेखराम गुप्ता, बालाराम साहू, चिंता राम सिन्हा, दीपा साहू, जानकी, राकेश साहू, पुरन साहू, केशकुमार सेन, टोपेश, जय, डोमार सिन्हा, प्रकाश, मलेशु, विष्णु, मानसिंग, नंद कुमार ने शारदा चौक बेलर, बजरंग चौंक बेलर में उत्साह के साथ यह दिवस मनाया।

### सशिमं चरौदा में वार्षिक उत्सव 24 को

**छुईहा बेलर**। सरस्वती शिशु मंदिर चरौदा में 24 जनवरी से वार्षिक उत्सव मनाया जायेगा। संस्था के प्रधानाचार्य मनहरन साहू ने कहा मौली माता कल्याण समीति सह सरस्वती शिशु मंदिर के तत्वावधान में 24 जनवरी को मातृत्व सम्मेलन 10 बजे होगा। जिसमें महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेल होंगें। एवं वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें स्कूल के छात्रों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य व नाटक की प्रस्तुति देगें। वहीं 26 जनवरी को ध्वजारोहण कार्यक्रम होंगें।

### ग्राम खैरझिटी में मड़ई मेला आज

**फिंगेश्वर**। ग्राम खैरझिटि मे मड़ई मेला का आयोजन 23 जनवरी को रखा गया है। जिसमें रात्रि कालीन अमर ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम कुल्हारदो मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी वालो का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मड़ई मेला में ग्राम के भाजयुमो के सदस्य रोहित साहू ने लोगो को मड़ई के अवसर पर आमंत्रित किया है।

### पिपरछेड़ी में मड़ई 23 फरवरी को

**मुड़ागाँव(कोरासी)**। छुरा जनपद के ग्राम पंचायत पिपरछेड़ी गायडबरी जतमाई गढ़ में 23जनवरी को मैत्री मिलन मडई मेला का आयोजन किया जाएगा। संत सिया गोवर्धन शरण महराज के सानिध्य में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्षा तोकेश्वरी मांझी होंगी।





**आस्था :** अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापना के अवसर राजिम में दीपावली जैसा रहा माहौल

# राममय राजिम : 1 लाख दीप से हुआ जगमग









हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ा तीर्थ और गरियाबंद जिले की बड़ी सिटी राजिम मुख्यालय में दीपावली की तरह जश्न मनाया गया। भगवान श्रीराजीव लोचन और भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव का मंदिर लाईट की झालरो से सुसज्जित रहा। वहीं 11वीं शताब्दी के प्राचीन श्रीराम मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरो में जमकर रोशनी की गई। महानदी किनारे महोत्सव स्थल के पास एक लाख दीप जले। खूब आतिशबाजी हुई और इस अवसर पर महानदी की धूमधाम से आरती भी की गई। जिसमें राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पूर्व सांसद चंदुलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, जिला पंचायत सदस्य शेखर साहू, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू,राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा सहित शहर के गणमान्य नागरिक व मातृशक्तियां बड़ी संख्या में शामिल हुई। विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर पूरे क्षेत्रवासियो को अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापना की बधाई और शुभकामना दी। बस स्टेण्ड के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक की साज-सज्जा की गई थी। पूरा शहर लाइट के झालरो और दीपो से जगमग कर रहा था। देर रात तक दीपावली की भांति आतिशबाजी होती रही। शहर के हर शो रूम, दुकानों में लक्ष्मी पूजा में जिस तरह से दीए जलाए जाते है उसी तरह दीए जलाए गए। हर घरो के सामने रंगोली, चौक चंदन लगे और दीप जलते हुए नजर आए। श्री राजीव लोचन मंदिर में काफी भीड़ थी लोग दूर-दूर से यहां दर्शन पूजा और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करने के लिए यहां पहुंचे हुए थे।

## श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के हम सब बने साक्षीः रोहित







**राजिम**। अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजिम का महानदी तट लगभग सवा लाख दीपकों की रोशनी से जगमगा उठा। नगर पंचायत एवं स्थानीय समितियों की पहल पर नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों के सहयोग से अयोध्या में रामलला के स्वागत के लिए राजिम में दीपदान महोत्सव मनाया गया। दीपदान के वृहद कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने राममय माहौल में श्रद्धा और भक्ति के साथ उत्साहित होकर दीप जलाने में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अतिथियों एवं नागरिकों ने गंगा आरती, दीपदान एवं भगवान श्री राम की विशाल प्रतिमा की पूजा कर जिले के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि आज सबके लिए खुशी का दिन है। वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम की घर वापसी हुई है। प्रभु राम की कृपा से देश को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिला है। जिनकी मेहनत और प्रयासों से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया गया है। आज पूरे देश के नागरिक श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने है। इस अवसर पर अतिथियों ने विशाल दीपदान कार्यक्रम में शामिल पंडितों का शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में शामिल पत्रकारगणों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए निमंत्रण प्राप्त श्रीमती बिदुला बाई को भी सम्मानित किया गया। महानदी के तट पर आयोजित दीपोत्सव के इस कार्यक्रम को लेकर नगर के सभी वर्गों में गजब का उत्साह देखने को मिला। वहीं राजिम में महानदी तट पूजा अर्चना के बाद लगभग ▶▶|शेष पेज 12 पर

### राम जानकी मंदिर हरदीभाठा हजारों दीपों से जगमगाया




मैनपुर। भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को रामजानकी मंदिर हरदीभाठा में हजारों मिट्टी के दिये प्रज्जवलित किये गए। दिये के रोशनी से पूरा मंदिर और आसपास क्षेत्र जगमगा उठा है।

## श्रीराम जानकी मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा, श्रीराम लला के साथ माता जानकी भाई लक्ष्मण हुए विराजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर पंचायत कोपरा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद श्रीराम लला के साथ माता जानकी व लक्ष्मण की मूर्ति का हवन- पूजन के पश्चात विधिवत स्थापना किया गया। अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद श्रीराम लला व नगर के राम जानकी मंदिर में मूर्ति स्थापना के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साहू समाज सहित नवयुवक मंडल के द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण दोपहर से देर शाम तक किया गया। वही, एक



दिन पूर्व साहू समाज द्वारा नगर में कलश यात्रा निकाला गया। साहू समाज के अलावा अन्य समाज के महिलाओ ने कलश यात्रा में शामिल हुए।



**सभी राम भक्तों को निःशुल्क चाय वितरित की**

# जय श्री राम बोलने वालों की भगवती ने की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पूरा देश रामोत्स्व मना रहा है और सभी इस पावन बेला में अपनी अपनी भागीदारी निभा रहे है। इसी कड़ी में देवभोग रोड़ स्थित चाय की टपरी लगाने वाली महिला भगवती देवदास उर्फ़ पारो में कुछ ऐसा किया की लोग जय श्री राम बोले बिना और मुफ़्त में चाय पिये बिन वहाँ से गुजर नहीं पा रहे है। सोमवार सुबह को देवभोग रोड़ चौराहे पर अलग ही नजारा देखने को मिला। आने-जाने वाले राहगिरों के साथ ही स्टूडेंट्स और महिलाओं को फ्री में चाय की चुस्की मिली। जिला मुख्यालय जनपद पंचायत के समीप 13 वर्षों से एक छोटे से चाय दुकान चलाकर अपना जीवन यापन करने वाली महिला भगवती देवदास जिसका इस चाय की दुकान से ही जीवन गुजारा होता है उसने आज 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आने -जाने वाले तमाम राहगीरों को एक दिन मुफ्त चाय देने का संकल्प लेते हुए सभी को मुफ्त चाय पिलाई।



**राहगीरों के साथ ही स्टूडेंट्स ने चाय की चुस्की ली-** भगवती ने बताया कि प्रभु श्रीराम के लिए उनकी आस्था है और उन्होंने अपने इस आस्था में यह निर्णय लिया कि वह इस पावन अवसर पर सभी ग्राहकों को एक दिन के लिए मुफ्त चाय पिलाएगी। आज सादियो का इंतज़ार ख़त्म हो रहा है मेरे प्रभु श्री राम आ रहे है। मैं उतनी धनवान नहीं पर मुझसे जितना हो सके आज मैं अपने राम जी की घर आने की ख़ुशी में लोगों का प्रसाद के तौर पर और इस ख़ुशी के उपलक्ष्य में मू मीठा करा रही हूं। सुबह पांच बाजे से सभी आने -जाने वाले राहगीरों को फ्री में चाय पिला रही रही हूँ। बशर्ते चाय फ्री में पीने से पहले उन्हें एक बार जय श्रीराम बोलना है। आने -जाने वाले राहगिरों के साथ ही स्टूडेंट्स यह चाय की चस्की का मजा ले रहे हैं। साथ ही चाय पीने के साथ जयश्री राम का जयकारा भी लगा रहे हैं। सभी राम भक्तों को निःशुल्क वितरित की गई।

### शहर में निकाली गई भव्य बाइक रैली

**महासमुंद**। राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा पर रविवार को शहर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। राम जानकी मंदिर से प्रारभ होकर नगर के सभी मार्गों से होते हुए गांधी चौक में समापन हुई। यह रैली का आयोजन महावीर यूथ फॉउंडेशन द्वारा किया गया। मुख्य रूप से रितेश गोलछा, विक्रम ठाकुर, देवेंद्र चंद्राकर, सौरभ मालू, तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटडिया, जिनेश मालू, यश लूनिया, वैभव बोथरा, जतिन रुपरेला, आदित्या जैन, सुमीत कोचर, रजत पारख, दर्शन झाबक और बढ़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## 50 लीटर महुआ शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरायपाली पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस को मुखबिर सूचना मिली थी कि ग्राम तोरेसिंहा सुरंगी नाला के पास दो लोग एक बिना नंबर हीरो एचएफ डीलक्स काले रंग के मोटरसाइकिल में देशी महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए परिवहन कर ग्राम खपरीडीह से तोरेसिंहा की ओर आने वाले हैं। इसी बीच जब ये लोग बाइक के जरिए वहां से गुजरे तो उन्हें रोककर उनसे पूछताछ की गई। तब इन्होंने अपने नाम राजेश कुमार दीप पिता लिंगराज दीप (27 वर्ष), अनुज कुमार भोई पिता मनोहर भाई (33 वर्ष) निवासी ग्राम कोटद्वारी थाना बलौदा जिला महासमुंद का होना बताएं। इन लगों के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर काले रंग की पुरानी हीरो होंडा कीमत 40,000 हजार रुपए कुल 50000 के सामान को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ 34(2 ) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## दो प्रकरण में 55 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब बिक्री के दो मामलों में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लीटर शराब जब्त किया गया है। पहले मामले में पुलिस ने भस्करापाली से ग्राम पिरदा की ओर अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करते आरोपी वंजीत चौहान पिता सुंदर सिंग चौहान (22 साल),. रंजीत चौहान पिता सुंदर सिंग चौहान (26 साल) दोनों निवासी भस्करापाली थाना बसना जिला महासमुंद को घेराबंदी कर तालाब के पास ग्राम पिरदा में पकड़ा गया। इनके कब्जे से कुल 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक कीमत 70,000 रुपए को जब्त किया गया।,

इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब परिवहन करते आरोपी सरोज भास्कर पिता रूकमण भास्कर (18 वर्ष 07 माह) निवासी बेल्डीह थाना बसना जिला महासमुंद को सिंघनपुर चौक में पकड़ा। जिसके कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब, कीमत 7000 रुपए. बिना नंबर की स्कूटी कीमत 70,000, मोबाइल, नगदी रकम 500 रुपए, कुल 82,500 रुपए का सामान जब्त किया गया। इन दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## अचानक हुई बारिश से खलिहानों में रखे धान को नुकसान

**महासमुंद।** बीते चार दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। वहीं, रविवार को सुबह तीन बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ, जो सुबह तक जारी रहा। इससे जहां तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। दिन भर गहरा धुंध छाया रहा, जिससे कभी भी बारिश होने का अंदेशा सताता रहा। वहीं, खलिहानों में रखे धान की सुरक्षा को लेकर किसान मशक्कत करते नजर आएं। इस बारिश ने सरकारी दर पर बेचने के लिए ढाई महीने से इंतजार कर रहे किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

**आस्था : रामोत्सव के अवसर पर भक्तिमय रहा वातावरण**

# श्यामनगर में पूजा-अर्चना की और निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। जगह जगह भोजन प्रसादी और भोग भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत श्यामनगर में सभी ग्रामवासियों ने एक साथ प्रभु श्रीराम की आरती की। इस दौरान ग्राम के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखा गया और सामूहिक रूप से पूरे ग्रामवासियो के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी ग्रामवासी सहभागी बनकर भोजन प्रसादी ग्रहण किया। राम, सीता,अंगद, हनुमान जी का प्रतिरुप बनाकर डीजे की धुन पर ग्राम भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए जहाँ श्रीरामचरित मानस कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक रूप से किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि आज हर्ष, उल्लास, उमंग का क्षण है। 500 वर्षों की कड़ी तपस्या के बाद हमारे रामलला आज विराजमान हुए हैं। इस हर्ष की घड़ी में हम सभी साक्षी बने हैं। लाखों संतो, कारसेवकों और रामभक्तों का बलिदान आज फलीभूत हुआ है। आप सब प्रभु श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर अपने-अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं, दीपावली जैसा महोत्सव मनाएं। इस अवसर पर सरपंच दुर्गाछन्नू साहू,समर्पण ग्रुप अध्यक्ष प्रेमलाल साहू,व्यापारी संघ के अध्यक्ष विनोद पटेल,ग्राम विकास समिति अध्यक्ष श्यामू निषाद,सचिव सागर साहू, चितरंजन साहू, हरीश साहू, प्रमोद साहू,प्रकाशचंद साहू,किर्तन साहू,मनोज साहू,चेलाराम साहू, डायमंड साहू, मोहित साहू, हरिशंकर,वामन निर्मलकर,पवन साहू,दीपक साहू,जितेंद्र साहू,ईश्वर साहू,राजू साहू, केशकुमार साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रामलला की मूर्ति स्थापना दिवस पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

परसदा में 22 जनवरी को अयोध्या के मंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गईं। इस अवसर पर सुबह 4 बजे प्रभातफेरी निकाली गई जिसमें गाँव के रामायण मंडली द्वारा भजन कीर्तन कर मंदिरों,देवालयों में पूजा अर्चना की गईं। सुबह 10 बजे भगवान श्री रामचंद्र की पूजा आरती के पश्चात भव्य कलश यात्रा. निकाल कर गांव भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा महिलाओं सहित युवतियाँ कतार में लगकर सिर पर कलश यात्रा लेकर चल रही थी वही कलश यात्रा के सामने भजन मंडली राम नाम का भजन गाते चल रही थी। दोपहर में रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसी दौरान पूर्व नगर साहू समाज अध्यक्ष परदेशी राम साहू एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दयालु राम गाड़ा उपस्थित हुए। इस अवसर पर परदेशी राम साहू ने कहा कि अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह सनातनियो के लिए गौरव का क्षण है। भगवान श्रीराम चंद्र जी सभी समाज को सामंजस्य के साथ चलने का





संदेश देती है। हमें उनके द्वारा बताए हुए मार्गों का अनुसरण करना चाहिए। तत्पश्चात समस्त ग्राम वासियों के लिए महा भोग भंडारे का आयोजन किया गया। वही शाम को बाजार चौक में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर हजारों की संख्या में दीप जलाकर भगवान रामचंद्र की मूर्ति स्थापना कि खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर भूषण वर्मा, जगदीश साहू, रामकुमार हिरवानी,यशवंत वर्मा मालती मनी ध्रुव,पूरन लाल साहू, गोपाल साहू,गैंद लाल वर्मा,खिलावन साहू, मोहन साहू राजेश साहू, शत्रुहन साहू,दुलार साहू, उमेश्वरी साहू बेनीराम निर्मलकर,शत्रुहन सेन, विनोद सेन, ठाकुर राम साहू विनोद सेन,चिंताराम साहू, लोमस साहू तीरथ साहू,नारद साहू, किसलाल साहू, कुमा तारक लोकेश साहू, मनीलाल साहू, दशरथ तारक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शुक्ल ने किया राजीव लोचन के दर्शन



**राजिम।** पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के अवसर पर आज पत्नी देव्यानी शुक्ल के साथ राजिम पहुंचे। श्रीराम मंदिर व भगवान श्री राजीवलोचन का दर्शन, पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की । जारी विज्ञप्ति में बताया कि अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण में उन्होंने 1 लाख 11 हजार एक सौ ग्यारह रुपए का दान दिया है।

# नवापारा में निकली भव्य प्रभातफेरी, पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सर्व हिंदू समाज के युवाओं द्वारा भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी काली मंदिर से निकलकर सदर रोड से गंज रोड होते हुए वापस काली मंदिर पर आकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरूष और युवा शामिल हुए। प्रभातफेरी में सभी उम्र और वर्ग के लोग राम भजन पर थिरकते,नाचते गाते जय सियाराम का जयघोष करते रहे। प्रभातफेरी का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। दिगम्बर जैन मंदिर के पास



जैन समाज के प्रमुखों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नेहरू उद्यान के पास गांधी चौक उत्सव समिति के युवाओं ने मिष्ठान से स्वागत किया। गंज रोड में सिंध समाज द्वारा बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा,किशोर देवांगन,भूपेंद्र सोनी,मुकुंद मेश्राम,रेशम हुंदल,मनीष देवांगन,धीरज साहू,रामा यादव,सौरभ जैन,रामरतन निषाद,आकाश जैन,अन्नपूर्णा देवांगन, साधना सौरज,स्वर्णजीत कौर,उमा कंसारी,धनमती साहू सहित नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### रामलाला की प्राण- प्रतिष्ठा पर मिष्ठान एवं प्रसादी वितरित

**नवापारा-राजिम।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर कांग्रेस द्वारा उत्सव के रूप में मनाते हुए मिष्ठान एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व पार्षद रमेश तिवारी, नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, पूर्व पार्षद रामा यादव, राजा चावला ,स्वर्णजीत कौर, पार्षद हेमंत साहनी ,अजय साहू, अनूप खरे, अर्जुन साहू, फागू देवांगन, निर्माण यादव, रामरतन निषाद, वीरेंद्र राजपूत, बल्लू साहू, सुनील शर्मा, विक्रम कहार, राजू सोनी, शंकर साहू, टीकम यादव, रामकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### साईं मंदिर में दिनभर चल पूजा- पाठ, हुआ सम्मान

**राजिम।** अयोध्या में भगवान श्री रामचन्द्र जी के मूर्ति स्थापना के अवसर पर साई मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना की गई। मंदिर परिसर में भजन मंडली का आयोजन किया गया। दिनभर पूजा पाठ का सिलसिला लगातार जारी रहा। नगर के गणमान्य नागरिकों का श्री साइन सेवा संस्थान के प्रमुख मोहन ठाकुर एवं लाला साहू द्वारा रामनामी शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष घनश्याम साहू, शिवराज देवांगन, युवा नेता डेकेश्वर ठाकुर ,पार्षद उत्तम निषाद, पार्षद प्रतिनिधि भारत यादव, रामकुमार साहू, राजू साहू, सुनील देवांगन, कृष्णा साहू का सम्मान किया गया। संजू ठाकुर, संजय यादव,अश्वनी ठाकुर, मुकेश साहू उपस्थित थे।



### भक्तिन माता मंदिर परिसर में दीपोत्सव का किया गया आयोजन

**राजिम।** अयोध्या में भगवान श्री रामचन्द्र जी के मूर्ति स्थापना के अवसर पर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव का शुभारंभ राजिम के बिहुला माता के द्वारा किया गया दीपोत्सव में मंदिर परिसर में सैकड़ो दीप जलाएं गए। भगवान रामचंद्र जी की मूर्ति स्थापना की मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, श्याम साहू, कोषाध्यक्ष भोला साहू, संगठन मंत्री विष्णु साहू, संयुक्त सचिव राजू साहू, किशन साहू, नगर साहू के अध्यक्ष भवानीशंकर साहू, शिव साहू, झाड़ू राम, रमेश साहू एवं समाज सेवक गेंदलाल साहू एवं मास्टर छत्रपाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष...

## श्री रामलला प्राण...

सवा लाख से अधिक दीयों की रोशनी में राजिम की सुंदरता भी कई गुना बढ़ गई। इस दौरान महानदी तट के किनारों में जलते दीपक और जगमग रोशनी थल और नभ को रोशनी से भर दिया। महानदी तट के आसपास दीप उत्सव पर जमकर आतिशबाजी भी की गई,जिससे पूरा माहौल उल्लासमय हो गया। दीपोत्सव के कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर,जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर सहित डीएफओ मणिवासगन एस, सीईओ जिला पंचायत रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम राजिम धनंजय नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

**अंगना म शिक्षा माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन**

# विविध खेलों सहित गीत, कविता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत माता उन्मुखीकरण शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा परसदाकला में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना संकुल प्राचार्य नारायण सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक टोकेश साहू, प्रधान पाठक राकेश कुमार पाण्डेय एवं महिला अभिभावकों की उपस्थिति में करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ने कहा अंगना म शिक्षा एक बहुत ही अच्छा मंच है जो सीधे सीधे पालक बालक एवं शिक्षक को एक दुसरे को जोड़ने में मदद मिलती



हैं। पढ़ाई के साथ सैक्षिक गतिविधियों से परिचित होती हैं, विद्यालय में पढ़ाई लिखाई के अलावा अनेक प्रकार के शैक्षिक गतिविधियों से परिचित होकर उन्हें समीप से जानने समझने का अवसर मिलता है। ज्यादातर अभिभावक घर में रहकर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सुयोग्य बनाने में मदद कर सकते हैं। अंगना म शिक्षा माता उन्मुखीकरण को और भी रोचक एवं मनोरंजन बनाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें माताएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए पुरे आयोजन को उत्साह एवं उमंग से भर दिया। वहीं कुर्सी दौड़, रस्सी खींच, दौड़,मटका फोड़, बिंदी लगवा, फुगड़ी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान टामिन साहू, हेमपुष्पा, सुमन, पूनम,जानकी, खुशबू, तुलसी, शारदा, प्रेमीन, अनिता,गोदावरी, गंगा, सरोजिनी, संतोषी, दामिनी, पुन्नी, पार्वती, ने खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें स्मार्ट माता उपाधि के रूप में मुकुट पहनाकर टामिन साहू को सम्मानित किया गया।

# बीड कॉलेज की छात्रों ने की श्रीराम की पूजा



**फिंगेश्वर।** बीरेन्द्र दीपक महाविद्यालय जामगांव में महाविधालय के समस्त छात्र–छात्राओं के द्वारा अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर भगवान श्रीराम चंद्र एवं अन्य देवो की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय संचालिका उषा शर्मा के द्वारा किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के सामने स्थित हनुतान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। उक्त कार्यक्रम में महाविधालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप



### स्पर्धा में पुरुष अमलीडीह और महिला वर्ग में रैताल की कबड्डी टीम प्रथम

**पिथौरा।** समीपस्थ ग्राम अमलीडीह में 2 दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम अमलीडीह, द्वितीय सोनासिल्ली, तृतीय मोहदा और चतुर्थ अमलीडीह ब ने हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम रैताल, द्वितीय कोलदा, तृतीय आमगांव और चतुर्थ पुरस्कार भानपुर ने प्राप्त किया। समापन पर समाजसेवी व अधिवक्ता आकाश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव कामगार कांग्रेस नरेंद्र सेन, भिथीडीह के सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र डडसेना, अनिमेष डे, अप्पू भोई, ओम सिन्हा, देव पटेल शामिल हुए। उक्त आयोजन में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए, तृतीय 5001 रुपए और चतुर्थ 3001 रुपए एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001 रुपए, तृतीय 3001 और चतुर्थ 2001 रुपए निर्धारित किए गए थे। संबोधित करते अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता। समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। क्षेत्र में बहुत सी खेल प्रतिभाएं है, जो इस तरह के आयोजनों ने उभर कर सामने आती है।

### मुनगासेर के रामेश्वर महादेव मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम मुनगासेर में रविवार को नवनिर्मित रामेश्वर महादेव मंदिर की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जय मां शारदा महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित की गई। इस दौरान पं शैलेंद्र मिश्रा, आकाश मिश्रा व त्रिभुवन मिश्रा ने विधि-विधान से पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान समूह द्वारा गांव में शोभायात्रा निकाली गई। अंत में प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर रामायण पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान रामनाथ ठाकुर व संतोषी ठाकुर रहे। साथ में राधेश्याम साहू, संतोष निषाद, देवसिंग ध्रुवंशी, संतु निषाद, लक्ष्मी साहू, पूर्णिमा ध्रुव, राधा पटेल, बीके श्रीवास्तव, देवकी साहू व देवजानी चंद्राकर के साथ अन्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### दवा विक्रेता संघ ने वृद्धाश्रम में बांटा फल

**महासमुंद।** अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर स्थानीय जिला दवा विक्रेता संघ के दलदली रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों को फल वितरण किया। जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनोद चंद्राकर, सचिव अरशी अनवर, शकील लोहानी, एजाज नकवी, दोपहर प्रतिष्ठा के मुहूर्त समय में आश्रम में रह रहे वृध्दजनों समेत 25 दिव्यांग व 25 वृध्दजनों को को फल बांटकर उनकी स्वास्थ्यगत पीड़ा भी सुनी।

## निधन

### अशोक गांधी

**धमतरी।** गुजराती समाज नवापारा राजिम के पूर्व अध्यक्ष अशोक गांधी (श्री वल्लभ निधि ट्रस्ट चंपारण के ट्रस्टी एवं भाजपा नेता नवापारा राजिम) का आकस्मिक निधन 21 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 जनवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान दम्मानी कॉलोनी से निकली। वे रविकांत गांधी नवापारा- राजिम, किरण कुमार गांधी धमतरी, विनोद गांधी धमतरी के भाई, अभिषेक गांधी के पिता व नवनीत गांधी, प्रीतेश गांधी,प्रियंक , मयंक एवं प्रितेश गांधी के चाचा जी थे गांधी के चाचा थे। नवापारा राजिम निवासी थे।



**प्राण-प्रतिष्ठा :** भगवान श्री रामलला के प्राण- प्रतिष्ठा के अवसर पर रामभक्ति से सराबोर रहा जिला

# अयोध्या में श्री रामलला प्रतिमा स्थापना के साक्षी बने लोग, मंदिर-देवालयों में हुआ भजन-कीर्तन







हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ जिले के अनेक स्थलों पर किया गया भक्तिमय मानसगान कार्यक्रम का आयोजन

धार्मिक नगरी अयोध्या में आज श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इसके उपलक्ष्य में गरियाबंद जिले में भी जिलेवासियों ने भक्तिपूर्ण माहौल में खुशी मनाया। प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के साथ जिलेवासियों में खुशी और उत्सव का माहौल रहा। इस अवसर पर पूरा जिला राममय हो गया। जगह-जगह पर प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी मनाने, विभिन्न कार्यक्रमों, भक्तिमय भजन-किर्तन का आयोजन किया गया। जिले के सभी मंदिर देवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। साथ ही पुष्प और रंग बिरंगी लाइटों से मंदिरों की साज सज्जा, नगर, चौक-चौराहों तथा गलियों को केसरिया तोरण व ध्वज के साथ सजाया गया। सभी आयु वर्ग के लोगों में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साह रहा। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के अवसर पर ज़लि में भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी मैदान गरियाबंद में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल के साथ कार्यक्रम में श्रीराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। विधायक ने कहा कि अयोध्या में हुए श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी पूरे देश के लोग बने। हम सभी का सौभाग्य है कि कई सालों बाद पूर्वजों के तपस्या के बाद प्रभु श्री राम की अयोध्या में वापसी हुई है। हमारे देश को हनुमान जी जैसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मिले है। उन्ही की मेहनत से भव्य मंदिर का निर्माण अयोध्या में किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू सहित डीएफओ मणिवासगन एस, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

**जिले के सभी ब्लॉकों में हुआ भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम-** जिले में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी और इन संस्थानों के साथ समन्वय और सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गये। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर ज़लि में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 5 मंडलियों को राम भजन की प्रस्तुति के लिए चयन किया गया। पहली प्रस्तुति संजीवनी बालिका मानस मंडली घुटकुनवापारा ने दी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भक्तिमय प्रस्तुति का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में विधायक श्री साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने मानस मंडलियों को शासन द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

**भक्तिमय माहौल में झूमते रहे रामभक्त-** आयोध्या में श्री रामलला प्राण -प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा जिला राममय हो गया। जगह-जगह पर धार्मिक कार्यक्रमों में भक्तिमय माहौल में रामभक्त खुशियां मनाते रहे। जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों के मंदिरों में सुबह से ही, आरती, भजन, पूजा-पाठ, मानसगान, रामायण, किर्तन, महिलाओं द्वारा कलश यात्रा, मंदिरों व घरों में रंगोली सहित अन्य भक्तिमय सांकृतिक कार्यक्रमों झांकियां का भव्य आयोजन किया गया। साथ ही जगह-जगह मंदिरों एवं सामाजिक लोगों के द्वारा भण्डारा, भोग प्रसादी बनाकर वितरण किया गया। इसके अलावा रामभक्तों के द्वारा श्रीराम महोत्सव को लेकर भक्तिमय संगीत से सराबोर रहा। साथ ही युवाओं के टीम ने श्रीराम जी के छायाचित्र एवं रामध्वज लगाकर रैली निकाली।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर नगर सहित अंचल में हुआ भजन-कीर्तन





हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

सोमवार को अयोध्या मे श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर सहित अंचल मे भी भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर सुंदर कांड सहित हनुमान चालिसा, भजन कीर्तन करते हुए लोगों ने भक्तों के खीर पूड़ी प्रसाद की व्यवस्था की वहीं पर संध्या घर–घर दीपावली के भांति दीपक जलाएं।

500 वर्षों के कठिन साधना के बाद 22 फरवरी को भगवान श्रीरामचंद्र के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। जिसकी खुशी में नगर सहित अंचल के गांव -गांव में रामभक्तों के चेहरों मे अपार खुशियां देखी गई।नगर के चौक -चौराहों में प्रसादी वितरण किया गया। वहीं पर गायत्री मंदिर मे तीन दिवसीय 5 कुंडीय यज्ञ आयोजित कर 22 फरवरी को भगवान श्रीराम की कथा बताई गई। कार्यक्रम को लेकर 21 जनवरी को पूर्व सांसद चंदूलाल साहू गायत्री मंदिर फिंगेश्वर पहुंचे थे वहीं पर 22 फरवरी को नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू भी गायत्री मंदिर पहुंचकर मां गायत्री को प्रणाम करते हुए अयोध्या मे हुए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की सभी को शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार तीनों दिन गायत्री मंदिर मे भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई।कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर गायत्री परिवार के एच एल साहू, देवी भक्त



परमानंद यदु, अेर्जुन सिंन्हा, रामूराम साहू सहित गायत्री परिवार से जुडे.सभी लोगों का एक बड़ा योगदान रहा।

**संगीत मय प्रवचन से भक्तिमय रहा वातावरण-** मंदिर में शाम को वार्ड के लोगों ने मंदिर पहुंचकर 5–5 दिये जलाकर मदिर प्रांगण को जगमगा दिया। पूरे नगर में दिए की रोशनी से दीपावली जैसी रोशनी बिखर गई। लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की। मंदिर में कार्यक्रम में संगीत मय प्रवचन के चलते पूरे दिन भक्तिमय वातावरण रहा। मंदिर परिसर में जय श्रीराम का नारा भी लगाये गये। इसी प्रकार सड़कों में रामभक्तों ने जय श्रीराम के नारो से सबके दिलों में राम भर दिया। मानस भवन में भगवान श्रीराम चंद्र एवं वीर हनुमान की पूजा- अर्चना के साथ हनुमान चालीसा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें समाज सेवी डॉ. चंद्रशेखर हरित, कुंजन लाल साहू, भागवत हरित, अमृत यदु, घनश्याम यदु उपस्थित थे।

# सजा पूरा गांव, सनातनियो में भारी उत्साह के बीच मनाया रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**देवभोग, अमलीपदर, गोहरापदर व उरमाल में हुए भव्य धार्मिक आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग



श्री अयोध्या जी में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र भर में भारी उत्साह देखा गया वही क्षेत्र के सभी गांव में विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गये। राम अयोध्या में 500 वर्षो बाद टाल से मंदिर में स्थापित हुए इस बात पर लोगों में भारी खुशी है।आयोजन को लेकर देवभोग, अमलीपदर, गोहरापदर, उरमाल, काण्डेकेला, झरगांव सहित मैनपुर और देवभोग ब्लाक के सैकड़ों गांवों में अक्षत कलश लेकर हिन्दू समाज को न्यौता देने से लेकर हरि नाम संकीर्तन, भजन संध्या सहित अनेक धार्मिक आयोजनो से गांव का माहौल राममय हो गया। हालांकि की इन आयोजनों का नेतृत्व विहिप संगठन कर रही थी मगर गांवों से लेकर मोहल्ले तक लोग स्व स्फूर्त राम काज के लिये उत्साहित दिखे। क्षेत्र भर में शोभायात्रा निकाली गयी, शोभायात्रा से लौटने के बाद हिन्दु समाज ने अपने आदर्श श्री राम का महाआरती किर समापन किया। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देवभोग में दिनभर हुये आयोजनो में जगन्नाथ मंदिर को सजाया गया वही इस अवसर पर सुरमयी भजन कार्यक्रम के साथ- साथ सुंदरकांड पाठ और केंवट समाज द्वारा श्री रामलला के झांकी के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। वहीं हिन्दु संगठन ने समाज के सहयोग से रात्रि प्रसादी भण्डारे का आयोजन रखा गया। वहीं गिरसूल, कोदोबेडा, दिवानमुडा, झाखरपारा, करचिया सहित हरि संकीर्तन, सुबह 10 बजे से 1 बजे तक सुरमयी संगीत संध्या के भक्तिमय भजन, दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक नगर में विशाल शोभायात्रा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।



देवभोग के शोभायात्रा में आसपास के गांव के रामभक्त शामिल हुये। शोभायात्रा में राम दरबार के जीवंत झांकी को भी शामिल किया गया। मैनपुर ब्लाक के गोहरापदर अमलीपदर, उरमाल, काण्डेकेला में रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर नगर साज सज्जा की भव्यता के साथ 21जनवरी को कलश यात्रा के साथ भजन संध्या देखने को मिला वही अमलीपदर में आदर्श रामायण मण्डली ने रामायण पाठ किया।वही उरमाल में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ रात्रि में दुर्ग के जगदीश सोनी का भजन कार्यक्रम हुआ। गोहरापदर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गये। देवभोग के एम मानु निजी स्कुल के शिवज्ञा मिश्रा, लोकेश, प्रिया, प्राची, लल्ली, सोनिया ने सुरमयी भजन संध्या की टीम के साथ अपनी मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। वही प्राण प्रतिष्ठा के रात्रि क्षेत्रभर के लोग दीपोत्सव के रूप में मनाये हर घर का आंगन रंगोली से सजे वहीं हर घर दीप जलायें गये।आयोजक हिन्दु संगठन नेदेवभोग नगर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2100 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1500 और तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया था। इसमें लगभग 34 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं इस प्रतियोगिता स्थान रखने वाले प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

**सभी विजेता खिलाड़ी को राशि व ट्रॉफी से किया गया सम्मानित**

# सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता में 115 प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)





ग्राम खड़मा में विकासखंड स्तरीय सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता द्वितीय वर्ष का आयोजन खड़ादेव कर्मचारी संघ, नवयुवक समिति, खड़ादेव लायंश, ग्राम पंचायत व समस्त ग्रामवासी खड़मा के सहयोग से किया गया। जिसमें विभिन्न वर्ग के लगभग 115 बालक-बालिका व पुरुष वर्ग खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 5 से 15 वर्ष बालक वर्ग में पूर्व जीत कोचबाय प्रथम, ढालेंद्र गरियाबंद द्वितीय, षष्ठ देव खड़मा तीसरा बालिका वर्ग में तिजेस्वरी देवसरा प्रथम, राधिका कंवर हरदी द्वितीय, पूजा ठाकुर बोरड़ाबांधा तृतीया, 15 से 40 वर्ष 5 किलोमीटर में अमरचंद चक्रधारी बोईरगांव प्रथम, मनोज यादव दूसरा ,देवेंद्र कुमार तृतीय ,चेतन ध्रुव चतुर्थ, खिलेंद्र ध्रुव पंचम, मोतीराम छटवा, डिगेंद्र सातवां रहे। सभी विजेता खिलाड़ी को राशि व ट्रॉफी मेडल से सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में खड़ा देव कर्मचारी संघ, नवयुवक समिति, ग्राम पंचायत , खड़ादेव लायंस खड़मा का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष सहयोग मिला। इस अवध राम साहू, सरपंच प्रेमाराम कंवर, उप सरपंच तिलेंद्रसाहू, लक्ष्मी दास सोनवानी, सचिव रेखचंद साहू, रवि साहू ,राहुल साहू, हिमांशु ध्रुव, पल्लव शर्मा, गजेंद्र भोसले, डॉक्टर महावीर बरगाह, नारायण ध्रुव थे।

# धूमधाम से मनाई गई देवी राजबाई जात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

विकास खण्ड छुरा के अंतिम छोर में बसे ग्राम कनफाड में देवी राजबाई जात्रा बड़े ही धूमधाम से हर साल मनाया जाता है। रात्रि कालीन कार्यक्रम मोगरापाली के नाच पार्टी रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य केसरी धुव अध्यक्षता थनेश्वर कंवर क्षेत्रीय जनपद सदस्य, ओम कोटवार मंचासिन थे। केसरी धुव ने कहा कि यह जात्रा धान कटाई मिजाई पूर्ण होने पर पौष मास में मनाया जाता है । देवी राजबाई जात्रा मनाने से गांव में सुख समृद्धि और मनोकामना पूरी होती है। इस छोटे से गांव में इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित करना एकता का परिचायक है। माताओं को अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम को उपसरपंच कृष्णा गुप्ता, चैनू नेताम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धरम नेताम, सुभाषचन्द्र नेताम, शोभा नागेश, पति राम, घसियाराम उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### खोपलीपाट में मानस महायज्ञ का आयोजन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विकासखंड छुरा अंतर्गत 16 गांव समिति के सहयोग से 19 जनवरी से प्रारंभ का आज चौथा दिन खोपलीपाट पावन धाम दशकों से खचाखच भरा रहा। दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालु मेला पर घूमने आते हैं। जिसके लिए समिति द्वारा भोजन प्रसाद का भंडारा भी हैं। खोपलीपाट पवन धरा धाम पर झूला रेचोली बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस पावन धरा धाम को तीर्थ स्थल का दर्जा देने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव, खुमनसिंग ध्रुव, तोमन सिंग, देवलाल, आनंद ध्रुव व अन्य युवाओं ने छत्तीसगढ़ शासन से अपील की है।

### निषाद समाज लगातार विकास की ओर अग्रसर



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को निषाद समाज भाठीगढ राज द्वारा भक्त गुहा निषाद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, विशेष अतिथि शहर कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, अध्यक्ष भागीरथी निषाद, ने भक्त गुहा राज की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरूशोत्तम भगवान राम को नाव पार कराने वाले भक्त गुहा निशाद राज से प्रेरणा लेना चाहिए और आने वाले पीढ़ियों को उनके गौरवगाथा बताये उन्होने सामाजिक समरस्ता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक एकता भाईचारा सदभावना के साथ साथ शिक्षित समाज का निर्माण में अपना योगदान दे। समाज के विकास के लिए शिक्षा पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की बात कही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निशाद समाज मैनपुर के अध्यक्ष भागीरथी निशाद, सचिव कोमल निशाद, कोशाध्यक्ष अमरचंद निशाद, सेवाराम निशाद, अनंतराम निशाद, जयलूराम, ईश्वर लाल, हरिराम, बिसाहू, पुसउ निषाद, फरसुराम, अंकालू राम, यशवंत निशाद, बोधन निषाद, अगनुराम निषाद, मुसम निषाद, मेघराज, सोपसिंह, हेमसिंह, नरेश, विष्णु निशाद सहित बडी संख्या में निषाद समाज के लोग उपस्थित थे।

### उचित मूल्य दुकानों का नवीन आबंटन

**महासमुंद।** अनुविभाग सरायपाली के अंतर्गत सहकारी समितियों द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों का समर्पण किया गया है। उक्त समर्पित ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा महासमुंद द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का नवीन आबंटन किया जाना है।

## आस्था : श्री राम की निकाली गई शोभायात्रा, दीपक जलाकर दीपावली जैसा मनाया त्यौहार

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा मैनपुर









हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

अयोध्या में आज भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पुरे विकासखण्ड क्षेत्र में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिली सुबह से क्षेत्र के सभी मंदिरो में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाकर शाम में दीपक जलाकर जमकर फटाखे फोड़कर खुशिया मनाई गई। आज फिर एक बार दीपावली त्यौहार मनाया गया तो वही दिनभर शोभायात्रा, कलशयात्रा, बाईक रैली, जगह - जगह भंडारा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर रात तक क्षेत्र में जय जय श्रीराम के जयकारों की गुंज सुनाई दे रही है।

### हमर मैनपुर चौक में 11 हजार दीप किया प्रज्जवलित

आज रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हमर मैनपुर चौक में 11 हजार दीप प्रज्जवलित कर जमकर आतिशबाजी एंव भंडारा का आयोजन किया इस दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, सुबह से धार्मिक गीतो में लोग झुम रहे है, पुरा मैनपुर नगर को भगवा ध्वज से सजाया गया है चारो तरफ एक ही नारा एक ही नाम जय श्री जय श्रीराम के जयकारे लग रहे है। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोंविद पटेल, युवा मंच के आशीश गुप्ता, चिरजींव साहू, हिमांशु रामटेके, हरिश्वर पटेल, चिरंजीव पटेल, कुशल ध्रुरव, आलोक गुप्ता, रामकृष्ण ध्रुरव, परमांनद पटेल, त्रिभुवन पटेल, आर.डी कुशवाहा, गुमान पटेल, रजनीश गुप्ता, रजनीश रामटेके, विक्की गुप्ता, गेदु यादव, बिट्टु गुप्ता, ऋशिकेश दास, रूपेश यादव, चित्रसेन पटेल, संतोश पटेल, सौरभ पटेल, विरेन्द्र श्रीवास्तव सहित



बडी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। तो वहीं ग्राम नदीपारा ,मैनपुरकला, जाडापदर, भाठीगढ, जिडार, देहारगुडा, गोपालपुर में आज शोभायात्र निकाली गई और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मैनपुर कला में प्रमुख रूप से अध्यक्ष धनसिंग नागेश, सचिव सुन्दर लाल कश्यप, कोषाध्यक्ष टीकम यादव, सरपंच कमला नागेश उपस्थित थे।



सोमवार को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख रामजानकी मंदिर हरदीभाठा में सुबह 08 बजे स्थानीय अधिकारी कर्मचारी व सभी ग्रामीण उपस्थित हुए और विधिविधान के साथ पूजा - अर्चना किया गया। इस दौरान ग्राम हरदीभाठा के महिला - पुरूषों और युवाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पूरे हरदीभाठा का भ्रमण कर वापस रामजानकी मंदिर पहुंचा। जहां भंडारा का आयोजन किया गया। विभिन्न रामायण मंडलियों द्वारा रामचरित्र मानस एंव रामायण पाठ का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया।मंदिर को हजारों दीपक से जगमगाया गया है।

इस मौके पर एसडीएम हितेश पिस्दा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली खलखों, तहसीलदार सीताराम कंवर, राजकुमार ध्रुर्वा, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेंश कंवर, हेमंत तिर्कि, सरपंच दुलिया बाई ठाकुर, पंडित योगेश शर्मा, महेश क"यप, रामरतन पटेल, सवितानंद साहू, चुम्मन पांडेय, हीरा कुंजाम, दुलेन्द्र नागेश, खगेश्वर साहू, पंचम पटेल, लोचन निर्मलकर, रमेश ठाकुर, आदेश पटेल, शेखर पटेल, सुखराम निर्मलकर, कोमल साहू, हरीश यादव, उमेन्द्र निर्मलकर, यातिराम पटेल उपस्थित थे।

**जमकर आतिशबाजी की-** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में श्रीराम सेना हिन्दु संगठन द्वारा आज सुबह से बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर , शिव मंदिर के सामने भगवान श्री राम सीता एंव हनुमान की प्रतिमा के सामने विशेष पूजा -अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किया गया। साथ ही शाम 05 बजे विशाल बाईक रैली एंव शोभायात्रा निकाली गई। डीजे के धुन में युवक थिरकते नाचते गाते, खुशियां मनाते जय -जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए पूरे नगर भ्रमण किये। बस स्टैण्ड मैनपुर में लगभग दो घंटा तक जमकर आतिशबाजी समाचार लिखे जाने तक किया जा रहा हैं। रात में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित है। वहीं शांतिनगर के नागरिकों के द्वारा शिव- पार्वती विवाह की झांकी निकाली गई।

### दीपक जलाकर मनाई दीपावली

आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मैनपुर नगर सहित पुरे विकासखण्ड क्षेत्र में दीपावली त्यौहार मनाया गया। ग्रामीण नया कपड़ा, पहने नजर आये और सुबह से मंदिरो में भींड लगी रही। साथ ही घरों घर तरह तरह के पकवान बनाये गये, घरों के सामने रंगोली सजाई गई और जमकर फटाखे फोडे गये, पुरा क्षेत्र में दीपावली त्यौहार जैसा मनाया गया।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर खीर प्रसादी का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

भगवान श्रीराम जी की जन्मस्थली अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अंचल अनेक गांवों में महोत्सव जैसा वातावरण रहा। समीपस्थ ग्राम मुड़तराई में सोमवार को रामोत्स्व का आयोजन धूमधाम से किया गया। जगह-जगह हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं घरों में भी दीप प्रज्व्वलन किया गया। राम नवमी के अवसर पर कोतवाली परिसर में हवन और पूजन किया गया। ग्राम के ह्रदय स्थल पर स्थित हनुमान मंदिर के पास ग्रामवासियों तथा पहल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में खीर पूड़ी व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे ग्रामवासियों ने भंडारे पर प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व ग्राम में महिलाओं द्वारा घर- घर से कलश एकत्र कर कलश यात्रा का गांव में भ्रमण कराया गया।



जिसमें ग्रामवासी शामिल रहे। इस दौरान ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोरनलाल ध्रुव, कूर्मि समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, पहल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हुलासराम साहू, उपाध्यक्ष धनेस विश्वकर्मा, पिंटू वर्मा, कोमल वर्मा, लक्ष्मण सिन्हा, छबि ध्रुव, घनश्याम विश्वकर्मा, मौसमी ध्रुव, धरमीन ध्रुव, मधु वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### करकरा में राम महोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

मुड़ागांव(कोरासी)। अयोध्या में राम मूर्ति स्थापना के शुभ अवसर ग्राम करकरा मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। एवं रामजानकी मंदिर प्रांगण में हवन पूजन किया गया तथा भजन किर्तन के पश्चात सभी के लिए भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख से ग्राम पटेल मूलचंद निर्मलकर, ग्रामीण अध्यक्ष भूषण पटेल, परदेशी निषाद, भुनेश्वर साहू, प्रेमलाल पटेल, कुमार साहू, बहादुर यादव, भावसिंग पटेल, मेघनाथ पटेल, हेमकुमार पटेल, हेमराज पटेल, परमेश्वर पटेल, सुखीराम साहू, शिक्षक जीवन साहू का सराहनीय सहयोग रहा।



## जय श्रीराम के गूंजे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का जिसका पूरे देश वासियों को 500 वर्षो से जिसका इंतजार था वो आज पूरा हो गया। जिससे पूरे देश के हर राज्य से लेकर पूरे ग्रामीण अंचल के गांव में जय श्री राम के जयकारे गूंजे और इससे युवाओं द्वारा बाइक रैली भी निकाली। घरों से लेकर दुकान, चौक- चौराहा, गाड़ियों में भगवा ध्वज लहराता रहा, जो किसी गौरव शाली का दिन बन गया। इस पर पाण्डुका क्षेत्र में सुबह से काम बन्द कर हिन्दूओ का समर्थन किया और जगह - जगह मिठाई, खीर पूड़ी, भोजन प्रसादी आने - जाने वाले राहगीरों को रोककर खिलाते दिखे। तो वहीं शासन द्वारा मदिरा शराब, मांस दुकानों को बन्द करने का आदेश जारी किया था। जिसका दुकानदार भी समर्थन किया। ऐसे में पूरा भारतवासी राम मय में डूबा रहा और जगह -जगह राम रस का रामायण, कथा हवन पूजा, भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा, हनुमान जी प्राण प्रतिष्ठा कर गांव में रैली जुलूस निकालकर विराजमान कराया गया। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र में श्रीराम भक्त गुहा निषाद जयंती उत्सव भी निषाद समाज के लोगों द्वारा मनाया गया तो सुबह से शाम तक खीर पूड़ी बांटकर उत्साह मनाया। इसमें चारोधाम चौक सरकड़ा के पेट्रोल पंप के सामने प्रसाद वितरण किया गया। इसमें युवाओं में रामचन्द पटेल, रमेश देवदास, दानी निषाद, सुदर्शन कश्यप, संतोष साहू, जुगल दीवान, बल्लू निषाद, संतोष पटेल, टोमन निषाद, चेतन यादव का मुख्य सहयोग रहा।





### चारों तरफ लहराया भगवा ध्वज

## प्रभु के विराजमान से हिन्दू समाज के 500 वर्षों का हुआ खत्म तप : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर।

विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द ने कहा प्रभु की कृपा भयऊ सब काजु... अर्थात जब प्रभु की कृपा होती है तो सारे काम हो जाते हैं। हिन्दू समाज के 500 वर्षों के तप के बाद आखिरकार सोमवार को प्रभु श्रीरामलला अपने नव्य-भव्य और दिव्य महल में विराजे तो इतने साल का इंतजार प्रभु राम के विराजमान से ख़त्म हूआ है। अयोध्या में राम मंदिर के उद्‌घाटन और अपने भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अंचल के छुईहा, चरौदा, बोडकी फुलझर, बेलर, पतोरी पतोरा, गनियारी, परसदा, सेंदर, चैतरा, बिजली, खुटेरी, पतोरा, सिर्रीखुर्द, कुण्डेल, जमाही फुलझर, जोगीडीपा में धार्मिक कार्यक्रम के तहत रामायण, रामधुनी, रामसत्ता, के आयोजन से पुरा क्षेत्र में



हर्षोल्लास का गूंजी रामायण की चौपाइयां से राममय महौल हो गया है। सिर्रीखुर्द में अद्भुत दृष्य को मिला की कार्यक्रम के दौरान अनेक भक्त बेसुध भक्ति में थे। 22 जनवरी को हर गांव में सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों का दौर चल पड़ा। गांव के गली मुहल्ला, मंदिर को रंगीन विद्युत सज्जा से सजाते हुए केसरिया पताकाओं से पाट दिया गया है ।सिर्फ सनातनी ही नहीं, बल्कि दूसरे धर्म के लोग भी आयोजनों में बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और श्रीराम के लोकमंगल संदेश से खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे थे। भगवान राम के जयकारों। श्रीराम से गूंज रहा था,जिसको भी देखो भगवान श्रीराम की भक्ति में भक्त डूबे रहे। स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की असर से स्कूल के छात्रों ने भी धार्मिक स्थल पर कुछ ने भाग लिया तो कुछ शामिल भगवान राम की पूजा कर धर्म लाभ उठा रहे थे। शाम को आयोजन स्थल में महाआरती किया गया। और घर - घर 5 से लेकर 11 दीपक जलाकर भगवान राम को प्रार्थना किया। इस मौके पर सिर्रीखुर्द टिकेश साहू विधायक प्रतिनिधि व मंच संचालन विजय कंडरा, हरिराम साहू, नेमू राम साहू, देवेन्द्र वर्मा, रवि कंडरा, बिजली मोती राम निषाद, गजेन्द्र निषाद, नंदू यादव, दयाराम साहू, बैनीशंकर, गयाराम सेन, रामाधार साहू पुर्व सरपंच सेंदर, खोमन साहू, सालिक साहू, सरपंच टायल साहू, प्रवीण साहू, रामजी साहू, नेतराम सिन्हा बोडकी, अभय सिन्हा, ललीत सिन्हा, डंकू सिन्हा, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, परदेशी सिन्हा, रमेश सिन्हा, रमेश चक्रधारी कुण्डेल का विशेष सहयोग रहा।



### पूज्य सिंध पंचायत द्वारा प्रसादी वितरण

**नवापारा-राजिम।** रामलला प्रतिमा स्थापना के अवसर पर शहर के गंज मार्ग में शहीद हेमु कालानी चौक में पूज्य सिंध पंचायत द्वारा प्रसादी वितरण किया गया। जिसमें विशेष रूप से पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष अनिल जगवानी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,राजा चांवला, स्वर्णजीत कौर, हरिभूमि के ब्यूरोचीफ श्यामकिशोर शर्मा सहित सिंध समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

### छुईह मड़ई में पूर्व सासंद व विधायक पहुंचे

# मड़ई ग्रामीणों का परंपरागत उत्सव : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

छुईहा में वार्षिक मड़ाई उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक महासमुंद विमल चोपड़ा शामिल हुए। उन्होने कहा कि विविधतापूर्ण, हमारे छत्तीसगढ़ राज्य में विभिन्न स्वरूप के मेला मड़ई का लंबा सिलसिला चला आ है। कहा मड़ई, बजार, मातर और मेला जैसे जुड़ाव अपनी बहुरंगी छटा के साथ ग्रामीणों की सांस्कृतिक सम्पन्नता के जीवन्त उत्सव हैं। मड़ाई किसान मजदूर, पौनी- पसारी से जुड़े लोग, छोटे छोटे व्यवसाय, जनसमुदाय सबको एक होने का उत्सव है। हम सबके



आराध्य प्रभु राम के बाल स्वरूप रामलला 22 जनवरी को समान्य तम्बू से महल में वैदिक रीति से प्राण प्रतिष्ठा हो रहे हैं। यह सनातन धर्म के लिए विशेष उत्साह का अवसर है। इस अवसर को प्राप्त करते तक हजारों लाखों ने अपनी जान की



बलिदानी दी है। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है।

### मड़ई में दिखती है एकता : चन्दूलाल

पूर्व सासंद चन्दुलाल साहू ने कहा कि प्राचीन परंपरा से चले आ रहे आज के अच्छी सोच रखने वाले छुईहा के युवा ने जिम्मेदारी ली है। जो सराहनीय है। मड़ई विभिन्न में एकता दिखता है। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा, परदेशी सिन्हा, राजाराम सिन्हा, मोती राम तारक, भारत ध्रुव, उमराव सिन्हा, छवि राम, रूपेश साहू, रामलाल ध्रुव, कोमल, संतोष सिन्हा, नारद सिन्हा, मनेश्वर ध्रुव, झंकेश्वर, दूर्गाराम सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, घनश्याम ध्रुव, दयाराम ध्रुव, सत्यनारायण सिन्हा, दूर्गाप्रसाद, मंच संचालक आशाकांत रजक उपस्थित थे।




